भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1523
रविवार,20सितम्बर, 2020 को उत्तर के लिए नियत

फेम इंडिया चरण-II

1523. श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में हाइब्रिड एवं इलैक्ट्रिक वाहनों को त्वरित रूप से अपनाने तथा उनके विनिर्माण (फेम) इंडिया, चरण-दो योजना के आरंभ से अभी तक इस योजना पर व्यय की गई राशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) फेम इंडिया, चरण-दो के अंतर्गत अभी तक राज्य-वार कितने मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) पंजीकृत हुई हैं; और

(ग) क्या सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को शामिल किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क): दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से आरंभ भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण (फेम) इंडिया के चरण-।। के तहत अब तक खर्च की गई राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**वित्तीय वर्ष**	**आवंटन**	**खर्च की गई निधि**
1.	2019-20	₹500.00 करोड़	₹500.00 करोड़
2.	2020-21	₹692.94 करोड़	₹110.70 करोड़ (लगभग)

*दिनांक31 अगस्त, 2020 की स्थिति के अनुसार

(ख): फेम इंडिया स्कीम के चरण-II में 24 मूल उपकरण विनिर्माता पंजीकृत हैं। सूची अनुबंध-I में है।

(ग): फेम इंडिया स्कीम के चरण-।। में सरकारी एजेंसियों, उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) सहित विभिन्न स्टेकहोल्डरों की सक्रिय भागीदारी एवं समावेशन के माध्यम से ईवी प्रयोक्ताओं के बीच विश्वास पैदा करने के लिए पर्याप्त सार्वजनिक चार्जिंग अवसंरचनाओं की स्थापना हेतु सहायता प्रदान करने की परिकल्पना है। चरण-।। के तहत चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना के लिए वर्ष 2019-20 से 2021-22 के दौरान ₹1000 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। भारी उद्योग विभाग ने फेम इंडिया (भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण) स्कीम के चरण-।। के तहत 24 राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों के 62 नगरों में ₹500 करोड़ (लगभग) के 2,636 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन मंजूर किए हैं।

****

अनुबंध-।

फेम इंडिया स्कीम के चरण-।। के तहत राज्य-वार पंजीकृत मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम)

क्रम सं.	मूल उपकरण विनिर्माता का नाम	राज्य(पंजीकृत कार्यालय)
1.	महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड	कर्नाटक
2.	टाटा मोटर्स लिमिटेड	महाराष्ट्र
3.	काईनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सल्यूशन्स लि.	महाराष्ट्र
4.	अथर एनर्जी प्राइवेट लि.	कर्नाटक
5.	एम्पियर व्हीकल्स प्रा. लि.	तमिलनाडु
6.	ओकीनावा ऑटोटेप प्रा. लि.	हरियाणा
7.	जितेन्द्रा न्यू ईवी टेक प्रा लि.	महाराष्ट्र
8.	चैम्पियन पोलीप्लास्ट	नई दिल्ली
9.	हिरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्रा. लि.	नई दिल्ली
10.	महिंद्रा एंड महिंद्रा लि.	महाराष्ट्र
11.	रिवोल्ट इंटेलिकॉर्प प्रा. लि.	हरियाणा
12.	विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इंटरनेशनल प्रा. लि.	हरियाणा
13.	ली-आयन्स इलेक्ट्रिक सल्यूशन्स प्रा. लि.	हरियाणा
14.	वाई सी इलेक्ट्रिक व्हीकल	नई दिल्ली
15.	बेस्ट वे एजेंसिज प्रा. लि.	उत्तर प्रदेश
16.	टीवीएस मोटर कंपनी लि.	तमिलनाडु
17.	बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेकनोलॉजी प्रा. लि.	हरियाणा
18.	गोयन्का इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल्स प्रा. लि.	नई दिल्ली
19.	एनर्जी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स	नई दिल्ली
20.	ठुकराल इलेक्ट्रिक बाइक्स प्रा. लि.	नई दिल्ली
21.	साईरा इलेक्ट्रिक ऑटो प्रा. लि.	राजस्थान
22.	खालसा एजेन्सिज	उत्तर प्रदेश
23.	अतुल ऑटो लि.	गुजरात
24.	एवन साइकल्स लि.	पंजाब

*****